राजस्थान सरकार

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी मलसीसर

पीठासीन अधिकारीः– साधुराम जाट

मुकदमा नम्बरः–26 / 2020

मंगलाराम पुत्र भूदाराम जाति मेघवाल निवासी पहाड़सर तहसील मलसीर जिला झुंझुनूं।

–प्रार्थी

बनाम

राजस्थान राज्य जरिये लैण्ड होल्डर तहसीलदार मलसीसर जिला झुंझुनूं।

–अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र अ.धा 136 भू–राजस्व अधिनियम

निर्णय

निर्णय दिनांक 10.08.2021

प्रार्थी ने जरिये अधिवक्ता प्रा.पत्र अ.धा. 136 आर.टी. एक्ट इस आशय का पेश किया है कि ग्राम पहाड़सर पटवार हल्का भीखनसर तहसील मलसीसर की सरहद में खाता संख्या 54 के भूमि ख.न. 183 रकबा 3.06 है0 ,ख.न. 184 रकबा 0.0500 हैक्टयर, ख.न. 277 रकबा 0.09 है0 कुल किता 03 कुल रकबा 3.200 है0 तथा खाता संख्या 45 के भूमि ख.न. 181 रकबा 0.05 है0, ख.न. 182 रकबा 0.97 है0, ख.न. 185 रकबा 2.36 है0 अवस्थित है। उक्त भूमि का प्रार्थी खातेदार काश्तकार है। प्रार्थी के पिता का नाम संवहन से उक्त खसरा नम्बरान में अशुद्ध दर्ज हो गया। प्रार्थी के पिता का शुद्ध नाम भूदाराम है। जमाबंदी सम्वत 2074–77 खाता संख्या 45 बुद्‌वाराम एवं खाता संख्या 54 में भूदा दर्ज राजस्व रिकार्ड है। इस अशुद्धी को दुरूस्त करवाने के लिए प्रार्थना पत्र सेवा में पेश किया है। तहसीलदार की जांच रिपोर्ट, प्रार्थी ने अपने पिता के नाम के समर्थन में स्वयं का प्रार्थना पत्र, आधार कार्ड, चुनाव पहचान पत्र व बैंक पासबुक प्रस्तुत किया है। अतः प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन किया है कि बुद्‌वाराम एवं भूदा के स्थान पर भूदाराम दर्ज करने का आदेश फरमावें। प्रार्थना पत्र दर्ज किया जाकर अप्रार्थी की तलबी वास्ते जबाबदेही की गई।

बहस प्रार्थना पत्र एक तरफा श्रवण की गई। बहस के दौरान अधिवक्ता प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों को दोहराया तथा प्रार्थना पत्र में अंकित बुद्‌वाराम तथा भूदा के स्थान पर भूदाराम किया जावें।

पत्रावली का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया गया तथा बहस पर मनन किया गया ग्राम पहाड़सर पटवार हल्का भीखनसर तहसील मलसीसर की सरहद में खाता संख्या 54 के भूमि ख.न. 183 रकबा 3.06 है0 ,ख.न. 184 रकबा 0.0500 हैक्टयर, ख.न. 277 रकबा 0.09 है0 कुल किता 03 कुल रकबा 3.200 है0 तथा खाता संख्या 45 के भूमि ख.न. 181 रकबा 0.05 है0, ख.न. 182 रकबा 0.97 है0, ख.न. 185 रकबा 2.36 है0 मंगलाराम पिता बुद्‌वाराम हि0 1/3 जाति मेघवाल सा. पहाड़सर। उक्त जमीन मंगलाराम ने आशाराम पि0 भूराराम से खरीदी है। विक्रय पत्र में भी मंगलाराम पि0 बुधाराम दर्ज है। इस अशुद्धी को दुरूस्त करवाने के लिए प्रार्थना पत्र सेवामें पेश किया गया है। प्रार्थी ने अपने नाम के समर्थन में स्वयं का प्रार्थना पत्र, आधार कार्ड, पहचान पत्र, राशन कार्ड पेश किया है। इस प्रकार उक्त विवेचन से प्रार्थी के राजस्व रिकार्ड में उपर्युक्त त्रुटियां दुरूस्त किया जाना उचित प्रतित होता है।

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी मलसीसर

आदेश

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है तथा ग्राम पहाड़सर पटवार ह... तहसील मलसीसर की सरहद में खाता संख्या 54 के भूमि ख.न. 183 रकबा 3.06 है0 ... रकबा 0.0500 हैक्टयर, ख.न. 277 रकबा 0.09 है0 कुल किता 03 कुल रकबा 3.2... जमांबदी संवत 2074–77 में अंकित मंगला पुत्र भूदा जाति मेघवाल के स्थान पर मंगला... भूदाराम तथा खाता संख्या 45 के भूमि ख.न. 181 रकबा 0.05 है0, ख.न. 182 रकबा 0.97 है0, ख.न. 185 रकबा 2.36 है0 मंगलाराम पुत्र बुद्वाराम हि0 1/3 जाति मेघवाल के स्थान पर मंगलाराम पुत्र भूदाराम दुरूस्त किया जाता है। खाते के शेष इंद्रजात यथावत रहेंगें। तहसीलदार तदनुसार राजस्व रिकार्ड में दुरूस्ती करें।

(साधुराम जाट)
उपखण्ड अधिकारी
मलसीसर

उपखण्ड अधिकारी
मलसीसर

निर्णय आज दिनांक 10.08.2021 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(साधुराम जाट)
उपखण्ड अधिकारी
मलसीसर

उपखण्ड अधिकारी
मलसीसर